# GURU NANAK COLLEGE DHANBAD

## Participated in

### LADEGA DHANBAD TO UDEGA DHANBAD CAMPAIGN

On the birth anniversary of Missile man A P J Abdul Kalam, 15th October 2023, a team of 8 members ( 7 students and a team manager) went to Dhanbad railway auditorium to participate in a program(seminar )organised by Mission Airport Team for a very noble cause of Dhanbad i.e. operation airport demanding airport in Dhanbad . Two of our students Shreya Sural and Amisha Bharti, students of semester 5 department of commerce of the college gave their Power point presentation and were praised by all. Shreya Sural was awarded second position for her presentation on topic Flourishing Airport of Dhanbad. Many reputed colleges and schools such as IIT ISM, PMCH, Rajkamal Saraswati Vidya Mandir of Dhanbad also joined hands demanding airport and participated in the event. There will be a special prize for Mother Halima Public school

For their Aerospace presentation.

1. Position: IIT ISM

   Name of the girl: Rupika Sinha

2. Position: G N College

   Name of the girl: Shreya Sural

3. Shahid Nirmal Mahto Medical College and Hospital

   Name of the girl: Ishita Anand


Mission Airport Dhanbad
Seminar On- 15 oct 2023, 2:30 PM
VENUE - RAILWAY AUDITORIUM (DHANBAD)
Think For Better Dhanbad
THINK FOR
BETTER DHANBAD
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
QCVJ+J23, Pandey Muhalla, Dhanbad, Jharkhand 826001, India
Lat 23.794123°
Long 86.42996°
15/10/23 05:11 PM GMT +05:30
Google


Mission Airport Dhanbad
Seminar On- 15 oct 2023, 2:30 PM
VENUE - RAILWAY AUDITORIUM (DHANBAD)
Think For Better Dhanbad
THINK FOR
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA


REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA
2023/10/15 15:54


Mission Airport Dhanbad
Seminar On- 15 oct 2023, 2:30 PM
VENUE - RAILWAY AUDITORIUM (DHANBAD)
AI QUAD CAMERA
2023/10/15 19:41

**मिशन एयरपोर्ट धनबाद का थिंक फॉर बेटर पर सेमिनार, बोले राजीव शर्मा**

# एयरपोर्ट के लिए सारी अर्हताएं पूरी करता है धनबाद, फिर सौतेला व्यवहार क्यों ?

**मुख्य संवाददाता, धनबाद**

मिशन एयरपोर्ट धनबाद की ओर से मिसाइल मैन एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर थिंक फॉर बेटर धनबाद थीम पर रविवार को रेलवे क्लब में सेमिनार का आयोजन किया गया. इसमें जीटा महासचिव सह अध्यक्ष मिशन एयरपोर्ट धनबाद के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि 1987 तक धनबाद से वायुदूत सेवा संचालित होती थी. आज सौतेला व्यवहार क्यों. जबकि धनबाद झारखंड की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला जिला और नगर निगम है. आज विकास के पैमाने में एयरपोर्ट का स्थान बहुत ऊपर आ गया है. इससे न सिर्फ यातायात के साधन बढ़ते हैं, बल्कि क्षेत्र का विकास और बड़ी संख्या में रोजगार भी उपलब्ध होता है. शिक्षण संस्थानों में बड़ी संख्या में कंपनियां रिक्रूमेंट के लिए आने से न सिर्फ रोजगार के बड़े




मंच पर उपस्थित अध्यक्ष राजीव शर्मा, आइएमए के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह व अन्य.

अवसर बल्कि अच्छे पैकेज भी मिल सकेंगे. आइएमए के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि धनबाद में मेडिकल कॉलेज और बड़े अस्पताल हैं, इसके बावजूद उच्च शिक्षा एवं अनुभवी डॉक्टर यहां एयरपोर्ट नहीं होने के कारण आना नहीं चाहते हैं. उपाध्यक्ष सह बैंक मोड़ चेंबर अध्यक्ष प्रमोद गोयल, मिशन एयरपोर्ट धनबाद के सचिव अनिल जैन, वरीय उपाध्यक्ष सतपाल सिंह, उपाध्यक्ष पूजा रत्नाकर, रमेश राही, सोमनाथ पुर्थी ने भी धनबाद में एयरपोर्ट की आवश्यकता पर बल दिया. संचालन डॉ सबा ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में मिलन सिंह, आसिफ इकबाल, इमरान मलिक, अमित दीपू, पवन अग्रवाल, दिनेश मंडल, सिद्धनाथ भारती, बिट्टू, लक्ष्मण यादव ने अहम योगदान दिया. कार्यक्रम में अशोक चौरसिया, अजय अग्रवाल, डॉ मनोज सिंह, प्रेम प्रकाश पासवान एवं स्कूल-कॉलेज के छात्र, शिक्षक, अभिभावक और व्यवसायी उपस्थित थे.

प्रभात खबर 16/10/23

---

मेडिकल सुविधाओं की मांग को लेकर रेलवे अस्पताल ...

**मांग** | **डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर थिंक फॉर बेटर धनबाद थीम पर सेमिनार का किया गया आयोजन**

# धनबाद में मिशन एयरपोर्ट की आवाज तेज

धनबाद, विशेष संवाददाता। धनबाद में मिशन एयरपोर्ट की आवाज तेज हुई है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर आयोजित थिंक फॉर बेटर धनबाद थीम पर रविवार को आयोजित सेमिनार में एयरपोर्ट की मांग के लिए धनबादवासियों से आगे आने का आह्वान किया गया। अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा 1987 तक धनबाद से वायुदूत सेवा संचालित होती थी। तब धनबाद एयरपोर्ट की अर्हता पूरी करता था। आज क्यों नहीं। इसी मुद्दे को लेकर धनबादवासी अपनी राय रख रहे हैं। धनबाद झारखंड की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला जिला और नगर निगम क्षेत्र भी है। सेमिनार में एयरपोर्ट नहीं होने से धनबाद को हो रहे नुकसान पर




रेलवे ऑडीटोरियम में अब्दुल कलाम की जयंती पर मिशन एयरपोर्ट के सदस्य।

भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग आमंत्रित थे। सबने धनबाद के लिए एयरपोर्ट को जरूरी बताया। वक्ताओं ने कहा कि पहले एयरपोर्ट बड़े लोगों के लिए होता था। आज विकास के पैमाने में एयरपोर्ट महत्वपूर्ण हो गया है। इससे न सिर्फ यातायात के साधन बढ़ते हैं, अपितु इसके होने से क्षेत्र का विकास और बड़ी संख्या में रोजगार भी उपलब्ध होते है। शिक्षण संस्थानों में बड़ी संख्या में कंपनियां बहाली के लिए आने से रोजगार के बड़े अवसर मिलेंगे। इलाज एवं पढ़ाई के लिए आने जाने की सुविधा होगी। उद्योग/व्यापार हो तीर्थाटन एयरपोर्ट जरूरी है। तोपचांची के पास समवेद शिखर जैसे जैन धर्मावलंबियों के सबसे बड़े धार्मिक क्षेत्र को विकसित करने की केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं, जिनमें एयरपोर्ट भी शामिल है। इसके अतिरिक्त सिंदरी में राज्य सरकार द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर स्थल चयन किया गया है। इस क्षेत्र में एयरपोर्ट बनाया जा सकता हैं। जरूरत इच्छाशक्ति की है। मौके पर आईएमए अध्यक्ष डॉ एके सिंह, मिशन एयरपोर्ट धनबाद के उपाध्यक्ष प्रमोद गोयल, अनिल जैन, सतपाल सिंह, पूजा रत्नाकर, रमेश राही; सोमनाथ पुर्थी, डॉ सबा आदि ने संबोधित किया।

# छात्र–छात्राओं ने पेश किए माडल, हुए पुरस्कृत

जागरण संवाददाता, धनबाद : मिसाइल मैन व पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर रविवार को मिशन एयरपोर्ट धनबाद ने थिंक फार बेटर की थीम पर रेलवे क्लब आडिटोरियम में सेमिनार का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता राजीव शर्मा ने किया। इसमें जिले के विभिन्न स्कूल, कालेज, आइआइटी आइएसएम, गुरुनानक कालेज, डीएवी कोयलानगर आदि के छात्र-छात्राओं ने मिसाइल के विषय में बनाए गए माडल को पेश किया।



पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर रविवार को रेलवे क्लब आडिटोरियम में मिशन एयरपोर्ट धनबाद की ओर से आयोजित सेमिनार में उपस्थित लोग • जागरण

इसमें प्रथम आइआइटी आइएसएम की रूपिका सिन्हा, द्वितीय जीएन कालेज के श्रेया सुराल व तृतीया एसएनएमएमसीएच की इशिता आनंद रही। इसके अलावा मदर हलीमा पब्लिक स्कूल के तबीबा अफरीन को एयरोस्पेस प्रस्तुति के लिए विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि धनबाद राज्य की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला जिला व नगर निगम क्षेत्र है। पहले एयरपोर्ट बड़े लोगों के लिए होता था, आज विकास के पैमाने में एयरपोर्ट का स्थान बहुत ऊपर आ गया है। इससे ना सिर्फ यातायात के साधन बढ़ते हैं, बल्कि इसके होने से क्षेत्र का विस्तृत विकास होता है और बड़ी संख्या में युवाओं और बेरोजगारों को रोजगार भी मिलता है।

वहीं आइएमए झारखंड के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि धनबाद में मेडिकल कालेज और बड़े अस्पताल है, इसके बावजूद उच्च शिक्षा व अनुभवी चिकित्सक यहां एयरपोर्ट नहीं होने के कारण आना ही नहीं चाहते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बैंक मोड़ चैंबर के अध्यक्ष प्रमोद गोयल, मिशन एयरपोर्ट धनबाद के सचिव अनिल जैन, वरीय उपाध्यक्ष सतपाल सिंह व पूजा रत्नाकर, रमेश राही, कोषाध्यक्ष सोमनाथ प्रुथी, डा. सबा, मिलन सिंह आदि उपस्थित हुए।

धनबाद की अन्य खबरों को देखें
www.jagran.com

---

जरुरत आपकी, साथ हमारा

आवश्यकता WANTED

सम्पूर्ण झारखंड राज्य में प्रखंड स्तर पर आधार पंजीकरण केंद्र के संचालन हेतु NSEIT द्वारा प्रमाणित कुशल आधार ऑपरेटरों की आवश्यकता है. इच्छुक आवेदनकर्ता मोबाइल नंबर 6287924111 पर अपना बायोडाटा, शैक्षणिक एवं NSEIT प्रमाण-पत्र भेज सकते है या mksranchi.pec@gmail.com पर ईमेल कर सकते हैं. अधिक जानकारी हेतु 0651-3550039 पर कॉल करें.
C-8372(RNC)

25 % Extra Premium
for Single Edition
on
SUNDAY BOOKING

...ना
...किसी भी पृष्ठों पर छपे विज्ञापनों ...या किसी भी एकाउन्ट में पैसे ...थ्यों की जांच-परख कर लें. ...न, लोन एवं फाईनेंस के नाम ...गी का कारोबार चला रहे हैं. ...म्मेवार नहीं होगा.

विज्ञापन प्रबंधक

## मिशन एयरपोर्ट धनबाद का थिंक फॉर बेटर पर सेमिनार, बोले राजीव शर्मा

# एयरपोर्ट के लिए सारी अहर्ताएं पूरी करता है धनबाद, फिर सौतेला व्यवहार क्यों ?

मुख्य संवाददाता, धनबाद

मिशन एयरपोर्ट धनबाद की ओर से मिसाइल मैन एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर थिंक फॉर बेटर धनबाद थीम पर रविवार को रेलवे क्लब में सेमिनार का आयोजन किया गया. इसमें जीटा महासचिव सह अध्यक्ष मिशन एयरपोर्ट धनबाद के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि 1987 तक धनबाद से वायुदूत सेवा संचालित होती थी. आज सौतेला व्यवहार क्यों. जबकि धनबाद झारखंड की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला जिला और नगर निगम है. आज विकास के पैमाने में एयरपोर्ट का स्थान बहुत ऊपर आ गया है. इससे न सिर्फ यातायात के साधन बढ़ते हैं, बल्कि क्षेत्र का विकास और बड़ी संख्या में रोजगार भी उपलब्ध होता है. शिक्षण संस्थानों में बड़ी संख्या में कंपनियां रिक्रूमेंट के लिए आने से न सिर्फ रोजगार के बड़े




मंच पर उपस्थित अध्यक्ष राजीव शर्मा, आइएमए के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह व अन्य.

अवसर बल्कि अच्छे पैकेज भी मिल सकेंगे. आइएमए के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि धनबाद में मेडिकल कॉलेज और बड़े अस्पताल हैं, इसके बावजूद उच्च शिक्षा एवं अनुभवी डॉक्टर यहां एयरपोर्ट नहीं होने के कारण आना नहीं चाहते हैं. उपाध्यक्ष सह बैंक मोड़ चेंबर अध्यक्ष प्रमोद गोयल, मिशन एयरपोर्ट धनबाद के सचिव अनिल जैन, वरीय उपाध्यक्ष सतपाल सिंह, उपाध्यक्ष पूजा ... धनबाद में एयरपोर्ट की आवश्यकता पर बल दिया. संचालन डॉ सबा ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में मिलन सिंह, आसिफ इकबाल, इमरान मलिक, अमित दीपू, पवन. अग्रवाल, दिनेश मंडल, सिद्धनाथ भारती, बिट्टू, लक्ष्मण यादव ने अहम योगदान दिया. कार्यक्रम में अशोक चौरसिया, अजय अग्रवाल, डॉ मनोज सिंह, प्रेम प्रकाश पासवान एवं स्कूल-कॉलेज के छात्र, शिक्षक, अभिभावक और व्यवसायी

---

# का रजिस्ट्रेशन 17 अ...



वार्षिक आम सभा में शामिल संघ के पदाधिकारी.

- धनबाद जिला वॉलीबॉल संघ के सत्र 2023-24 की वार्षिक आमसभा

वरीय संवाददाता, धनबाद

धनबाद जिला वॉलीबॉल संघ के सत्र 2023-24 की वार्षिक आम सभा रविवार को वॉलीबॉल स्टेडियम में की गयी. अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद कपूर ने की. इसमें निर्णय लिया गया कि सत्र 2023-24 में भाग लेने वाले क्लब एवं खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन 17 अक्तूबर से तीन नवंबर तक होगा. रजिस्ट्रेशन फीस में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी. क्लब रजिस्ट्रेशन फीस 750 रुपये और प्रति खिलाड़ी रजिस्ट्रेशन फीस 80 रुपये है. रखा गया है. वहीं एकदिवसीय आमंत्रण वॉलीबॉल टूर्नामेंट की रजिस्ट्रेशन फीस 1200 रुपये है. इस दौरान नये सत्र में

चैंपियनशिप ... इसमें 27 ... वॉलीबॉल ... जूनियर ... वालीबॉल ... अन्य आयो... आमसभा ... जिला से ... प्रतियोगिता ... बालक- ... खिलाड़ियों, ... सर्वश्रेष्ठ ... किया जाए... प्रकाश ला... धनबाद पु... की उपल... महासचिव ... कुमार, जु... सभाजित

दैनिक भास्कर धनबाद 16-10-2023

**थिंक फॉर बेटर धनबाद** • मिशन एयरपोर्ट ने डॉ कलाम की जयंती पर आयोजित की संगोष्ठी, छात्र-छात्राओं ने कहा-

# आज जरूरी, कल के लिए बहुत जरूरी है धनबाद में एयरपोर्ट

*11 स्कूलों व उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने लिया संगोष्ठी में हिस्सा*

**सिटी रिपोर्टर** | धनबाद

मिशन एयरपोर्ट धनबाद द्वारा रविवार को रेलवे ऑडिटोरियम में देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। थिंक फॉर बेटर धनबाद थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में 11 स्कूलों और उच्च शैक्षणिक संस्थान के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने कहा कि धनबाद में एयरपोर्ट आज तो जरूरी है ही, पर आने वाले कल के लिए यह और अधिक जरूरी होगा। आईआईटी आईएसएम की बीटेक की छात्रा रूपिका सिन्हा और प्रांजलि सिंह ने प्रेजेंटेशन दिया। बताया कि करीब 8 हजार मौजूदा और उससे भी ज्यादा पूर्ववर्ती छात्र एयरपोर्ट नहीं होने की वजह से धनबाद में कई गतिविधियों को अंजाम देने में परेशानी महसूस करते हैं। यह शैक्षणिक और व्यवसायिक गतिविधियां धनबाद के विकास को कई गुना अधिक प्रभावित कर सकती हैं। एसएनएमएमसीएच, गुरुनानक कॉलेज सहित अन्य संस्थानों के छात्र छात्राओं ने भी धनबाद में बस स्टैंड, ड्रेनेज सिस्टम सहित अन्य जन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रेजेंटेशन दिया। बेहतर प्रेजेंटेशन करने वालों को पुरस्कृत किया गया। संचालन करते हुए मोटिवेशनल स्पीकर डॉ शबा आलम खान ने हर वर्ग के लोगों से धनबाद में एयरपोर्ट की मांग से जुड़ने की अपील की। चिकित्सकों और व्यवसायियों ने एयरपोर्ट से धनबाद के विकास के बारे में बताया।

## बस स्टैंड, ड्रेनेज सिस्टम बेहतर बनाने पर भी छात्रों ने दिया प्रेजेंटेशन



### आमंत्रण के बाद भी नहीं शामिल हुए सांसद-विधायक

कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने के बावजूद स्थानीय सांसद तथा जिले के विधायक शामिल नहीं हुए। सचिव अनिल जैन ने बताया कि सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा, विधायक ढुलू महतो, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक पूर्णिमा सिंह, अपर्णा सेनगुप्ता को बुलाया गया था।

### संगोष्ठी में इन्हें घोषित किया गया विजेता

| | | |
|---|---|---|
| **प्रथम** : रूपिका सिन्हा, प्रांजलि सिंह, आईआईटी आईएसएम | **द्वितीय** : श्रेया सुरल, जीएन कॉलेज | **तृतीय** : इशिता आनंद, एसएनएमएमसीएच |

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

मिशन के अध्यक्ष राजीव शर्मा, सचिव अनिल जैन, आईएमए प्रेसिडेंट डॉ एके सिंह, डॉ निर्मल ड्रोलिया, बैंक मोड़ चैंबर अध्यक्ष प्रमोद गोयल, पूजा रत्नाकर, सतपाल सिंह, सोमनाथ प्रूथी, रमेश राही, मिलन सिंह, आसिफ इकबाल, इमरान मलिक, अमित, पवन अग्रवाल, दिनेश मंड आदि।

### इन संस्थानों ने संगोष्ठी के प्रेजेंटेशन में लिया भाग

डीएवी कोयला नगर, राजकमल स्कूल, जीजीसीईटी जेवियर इंटरनेशनल स्कूल, सर्वमंगला पब्लिक स्कूल, दून पब्लिक स्कूल, मदर हलीमा पब्लिक स्कूल, सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल, केके पॉलीटेक्निक, गुरुनानक कॉलेज, आईआईटी आईएसएम, एसएनएमएमसीएच।

### किसने क्या कहा



*आज विकास के पैमाने पर एयरपोर्ट बहुत ऊपर है। जिससे क्षेत्र के विकास और बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध होता है।''*

**राजीव शर्मा,** अध्यक्ष मिशन एयरपोर्ट



*हमारे मिशन से छात्र-छात्राओं का जुड़ना बेहद सार्थक रहेगा। मांग तब तक रहेगी जबतक एयरपोर्ट नहीं मिलता।''*

**अनिल जैन,** मिशन एयरपोर्ट के सचिव



*अनुभवी डाक्टर यहां एयरपोर्ट नहीं होने के कारण आना नहीं चाहते हैं। यहां से मरीज अन्य राज्यों में जाते हैं।''*

**डॉ एके सिंह,** आईएमए प्रेसिडेंट